सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-350, पृष्ठ : 12 | रविवार, 29 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## मिट्टी की ढाय गिरने से चार की मौत

आगरा। फतेहपुर सीकरी के राजस्थान सीमा में ग्राम दौलत गढ़ के पास चंबल पाइपलाइन के लिए खोदाई कार्य चल रहा है। यहां गड्ढे में से मिट्टी लेने गए दर्जनभर महिला-पुरुष ढाय गिरने से दब गए। सूचना पर राजस्थान के गहनोली थाना की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। घटना में तीन महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई।

विस्तृत खबर पेज 4 पर

## पुरी में भगदड़, तीन मरे

### गुंडिचा मंदिर के पास हुआ हादसा, करीब 50 अन्य घायल



**पुरी।** ओडिशा के पुरी जिले में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान श्री गुंडिचा मंदिर के पास रविवार तड़के हुई एक भगदड़ में कम से कम तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जब श्रीगुंडिचा मंदिर के सामने रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए भारी भीड़ जमा थी। उसी दौरान वहां धक्का-मुक्की हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ एस स्वैन ने बताया कि घटना में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से छह की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बसंती साहू (बोलागढ़), प्रेमकांत मोहंती और प्रवाती दास (दोनों बालिपटना निवासी) के रूप में की गई है। तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। कलेक्टर के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी गई है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। भीड़ को नियंत्रित करने और घायलों को राहत पहुंचाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

## चारधाम यात्रा रोकी

### यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटा, 9 मजदूर लापता




**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में यात्रियों को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन को निर्देश दे दिए गए हैं, ताकि कोई हादसा न हो।

उत्तरकाशी में यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटने से निमार्णाधीन होटल को नुकसान पहुंचा है। हादसे के बाद से वहां रह रहे 8-9 मजदूर लापता हैं। वहीं, बागेश्वर में सरयू नदी जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है। वहीं, अलकनंदा और सरस्वती नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

आज पूरे देश में हल्की से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। देश के 35 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में मानसून पहुंच चुका है। दिल्ली में आज मानसून पहुंचने का अनुमान है। शनिवार को भी दिल्ली-ठउफ में कई जगह तेज बारिश हुई।

दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश की संभावना है। क्योंकि मॉनसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। उत्तर प्रदेश में तेज बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है। यहां तेज बारिश का यलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश, राजस्थान में भी तेजा बारिश की चेतावनी है। राजस्थान में बारिश का यलो-ऑरेंज अलर्ट है। बिहारः पटना, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में भी बारिश जारी रहेगी। बिजली भी गिर सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है। गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात में अगले 6 दिन तेज बारिश की चेतावनी है। दक्षिणी भारत के राज्यों में बारिश जारी रहेगी।



# अमरनाथ यात्रा की तैयारियां पूरी

## 141 जगहों पर ठहर सकेंगे यात्री, ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन एक जुलाई से शुरू




**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कमिश्नर रमेश कुमार ने पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी के साथ कार्यालय में यात्रा से जुड़ी कमेटियों, लंगर सेवा देने वाली समितियों, सिविल सोसायटी के लोगों के साथ बैठक कर विस्तार से जानकारी दी। जिसमें कहा कि कुल 141 जगहों पर यात्री ठहर सकेंगे। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त रूप से अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

**दो जुलाई से भगवती नगर से यात्रा का शुभारंभ**

बैठक में कमिश्नर रमेश कुमार ने बताया कि दो जुलाई को भगवती नगर आधार शिविर से यात्रा का शुभारंभ होगा। बैठक में पुलिस, धार्मिक संगठनों, टैक्सी यूनियनों, व्यापारियों, बाजार व होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के सुझाव लिए गए। कमिश्नर ने कहा कि अमरनाथ यात्रियों को ठहरने, खानपान में कोई परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त पेयजल, बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

आधार शिविर में यात्रियों के लिए एसी हॉल, हैंगर, सामुदायिक लंगर सेवा, स्वच्छ मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था है। इसके साथ ही कठुआ के लखनपुर से लेकर रामबन के लांबर, बनिहाल तक यात्रा के मार्ग में आने वाले जिलों के ठहरने के केंद्रों पर भी इसी तरह की सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी।

**सिविल सोसायटी ने प्रशासन को दिया पूर्ण सहयोग**

सिविल सोसायटी के सदस्यों ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासनबैठक में शामिल हुए व्यापार संगठनों, होटल एसोसिएशन, विभिन्न धर्मों के लोगों ने अमरनाथ यात्रा को लेकर प्रशासन का पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। देश व विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए तवी रीवर फ्रंट पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। शहर के पर्यटन स्थलों की जानकारी होर्डिंग्स के माध्यम से दी जाएगी।

जम्मू व लखनपुर में आरएफआईडी केंद्र पर हेल्प डेस्क कमिश्नर ने बताया कि जम्मू और लखनपुर में आरएफआईडी केंद्रों पर स्थापित हेल्प डेस्क पर तीर्थयात्रियों को पर्यटन विभाग की तरफ से पूरी जानकारी दी जाएगी। नागरिक समाज के सदस्यों ने यात्रा को सुखद और परेशानी मुक्त बनाने के लिए कई सुझाव दिए, जिसमें मानसून के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था, तिपहिया वाहनों और कैब के किराए पर नियंत्रण, अतिक्रमण मुक्त सार्वजनिक स्थान, पर्यटन स्थलों के बारे में उचित जानकारी होर्डिंग्स व बैनर के माध्यम से दिए जाने के प्रबंध किए गए हैं।

व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, अतिरिक्त अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां रहेंगी तैनातबैठक में पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने बताया कि अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त रूप से अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां यात्रा मार्ग पर तैनात रहेंगी। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे अपने जत्थे के साथ ही यात्रा करें, जिससे सुरक्षा को बेहतर रखा जा सके।

### जम्मू-पठानकोट हाईवे पर बढ़ी चौकसी

तीन जुलाई से शुरू हो रही श्री अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को भारत-पाक सीमा पर स्थित बॉर्डर चौकियों का औचक निरीक्षण कर तैनाती व प्रबंधों की गहन समीक्षा की। इसके साथ ही जम्मू-पठानकोट हाईवे के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष नाके लगाए गए हैं, जहां पुलिस, बीएसएफ और अर्धसैनिक बलों के जवानों को चौबीसों घंटे तैनात किया गया है। सांबा जिले की सभी बॉर्डर पुलिस चौकियों पर कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है। वीडीजी के सदस्यों को भी पुलिस कर्मियों के साथ संयुक्त ड्यूटी के निर्देश दिए गए हैं। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की पहली पंक्ति में तैनात बीएसएफ जवानों को भी उच्च सतर्कता के साथ तैनात किया गया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पुराने लांचिंग पैड को सक्रिय करने और सीमा पार हलचल बढ़ने से भारतीय सुरक्षा बल सतर्क हैं।

## कानपुर में जगन्नाथ रथयात्रा में फिर बवाल...

### मारपीट और पथराव, कहासुनी और बहसबाजी

**कानपुर।** जनरलगंज में जगन्नाथ रथयात्रा के दूसरे दिन भी देर रात 10 बजे बवाल हो गया। दो मंडलों के पदाधिकारियों में मारपीट हुई। पत्थर चले और वाद्य यंत्रों से एक दूसरे पर हमला किया गया। इसमें बच्चे, महिलाओं समेत 10 से अधिक लोग घायल हो गए। आरोप है कि एक मंडल की महिलाओं से दूसरे मंडल के पदाधिकारियों ने बदसलूकी की।

शनिवार रात जनरलगंज से जगन्नाथ रथयात्रा उठी और नयागंज चौराहे के पास पहुंची। यहां पर श्री ओमर वैश्य बाल गोपाल जी सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पानी और कोल्ड ड्रिंक का स्टॉल लगा था। बताया जा रहा है कि दूसरे



मंडल श्री दोषर वैश्य नवयुवक मंडल के पदाधिकारी वहां से गुजरे और दोनों मंडलों के पदाधिकारियों के बीच विवाद शुरू हो गया। एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने बताया कि मामला शांत करा दिया गया है।

जगन्नाथ रथयात्रा के पहले दिन भी श्री ओमर वैश्य बाल गोपाल जी सेवा समिति और श्री दोषर वैश्य नव युवक मंडल के पदाधिकारियों के बीच मारपीट और कहासुनी हुई थी। एक मंडल की महिलाओं ने दूसरे पदाधिकारियों पर नशे में धुत होकर अभद्रता करने का आरोप लगाकर बादशाहीनाका थाने में शिकायत की थी। हालांकि पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसका नतीजा यह हुआ कि दूसरे दिन शनिवार रात फिर से मारपीट और पथराव हुआ। श्री ओमर वैश्य बाल गोपाल जी सेवा समिति के दीप कुमार ओमर ने आरोप लगाया है कि 27 और 28 जून की रात करीब दो बजे उनके स्टाल पर श्री दोसर वैश्य नवयुवक मंडल के कुछ लोग पानी पीने के लिए आए।

## शादी से पहले युवती ने खाया जहर, रिश्ता टूटने पर पिता ने दी जान

**मेरठ।** खरखौदा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शादी से पहले घर छोड़कर प्रेमी संग चली गई। पुलिस ने उसे बरामद कर परिजनों को सौंपा तो उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। युवती तो बच गई, लेकिन उसके पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। कुछ दिन पूर्व बिचौलिये की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का पड़ोस के गांव के दूसरी जाति के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों के कहने पर गांव के ही एक व्यक्ति ने युवती का रिश्ता समाज के ही युवक से तय करा दिया। करीब 15 दिन पूर्व युवती प्रेमी संग घर से चली गई। पुलिस में दोनों को बरामद कर लिया। परिजनों ने इस मामले में किसी तरह की कार्रवाई से इन्कार कर दिया और युवती को घर ले आए। युवती ने घर पहुंचते ही ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे हापुड़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद युवती सकुशल अपने घर लौट आई। बताया जा रहा है कि 18 जून को शादी तय कराने वाले बिचौलिये की हार्ट अटैक से मौत हो गई जबकि आहत पिता ने 26 जून को फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## पाकिस्तान में बारिश का कहर, 16 बच्चों समेत कई मौत

**लाहौर/पेशावर।** पाकिस्तान के कई इलाकों में प्री-मानसून की भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। पिछले 3 दिनों में बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 34 लोग मारे गए हैं, जिनमें 16 बच्चे शामिल हैं, जबकि 46 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले 48 घंटों में 19 लोगों की जान गई और 6 अन्य घायल हुए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, स्वात, अबोटाबाद, चरसड्डा, मलकंद, शांगला, लोअर डीर और तोरघर जिलों में 6 पुरुष, 5 महिलाएं और 8 बच्चे इस आपदा का शिकार बने। स्वात जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां 13 लोगों की मौत हुई और 6 घायल हुए। स्वात नदी में अचानक पानी का स्तर बढ़ने से सियालकोट के एक परिवार के 17 लोग, जो पिकनिक के लिए गए थे, बह गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बचाव प्रयासों के बावजूद कई लोग तेज धारा में बह गए। इसके अलावा, प्रांत में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 56 घरों को भी नुकसान पहुंचा है। पंजाब प्रांत में भी बारिश ने कहर बरपाया।

पिछले 3 दिनों में 15 लोग, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं, मारे गए और 40 अन्य घायल हुए। लाहौर, ओकारा, बहावलनगर, झेलम, गुजरात, फैसलाबाद, मंडी बहाउद्दीन, साहिवाल, चिन्योट, मुल्तान, शेखूपुरा और ननकाना जिलों में ज्यादातर मौतें दीवार और छत गिरने की घटनाओं में हुई हैं।

## मॉस्को में प्लेन हुआ क्रैश, विमान में सवार सभी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक दुखद हवाई हादसा हुआ, जिसमें एक हल्के ट्रेनर विमान याक-18टी के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 4 लोगों की जान चली गई। मरने वालों में चालक दल के सदस्य और ट्रेनी पायलट शामिल थे। यह हादसा उस वक्त हुआ जब विमान हवाई करतब की प्रैक्टिस कर रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान अचानक अनियंत्रित हो गया और जमीन पर आ गिरा।

रूस के आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो के मुताबिक, हादसे की वजह विमान के इंजन में आई तकनीकी खराबी थी। बताया जा रहा है कि इंजन फेल होने के बाद विमान



अनियंत्रित हो गया और कोलोम्ना के एक खुले खेत में जा गिरा। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई, जिससे उसमें सवार सभी 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। राहत की बात यह रही कि जमीन पर कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ।

कुछ अनौपचारिक रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस विमान को उड़ान भरने की आधिकारिक इजाजत नहीं मिली थी। यह बात हादसे की गंभीरता को और बढ़ा देती है। मॉस्को क्षेत्र के प्रॉसिक्यूटर ऑफिस ने इस मामले की गहन तफ्तीश शुरू कर दी है ताकि हादसे के सटीक कारणों और नियमों के उल्लंघन की संभावना का पता लगाया जा सके। जांच में यह भी देखा जाएगा कि क्या उड़ान से पहले जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था। बता दें कि याक-18टी एक हल्का ट्रेनर विमान है, जिसका इस्तेमाल पूर्व सोवियत संघ के देशों में फ्लाइंग क्लबों और प्रशिक्षण केंद्रों में बड़े पैमाने पर होता है। यह विमान अपनी मजबूती और सिविल एविएशन पायलटों को प्रशिक्षण देने में उपयोगिता के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस तरह के हादसे एविएशन सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करते हैं।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

रविवार, 29 जून, 2025 www.nnindianews.com




# सीएम रेखा ने किए बिहारी जी के दर्शन

## शादी की वर्षगांठ पर की पूजा, गोवर्धन में की थी पैदल परिक्रमा





**मथुरा।** दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर मथुरा दौरे पर पहुंचीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने रविवार की सुबह वृंदावन पहुंच कर भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन किए। सीएम बनने के बाद पहली बार मथुरा दौरे पर आईं रेखा गुप्ता इस दौरान पूरे भक्ति भाव में नजर आईं।

मथुरा के गोवर्धन में गिरिराज जी की तलहटी में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गोवर्धन पहुंचकर प्रभु की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सबसे पहले ब्रज वसुंधरा रिसॉर्ट पहुंचीं। उन्होंने राधेश्याम सेवा सदन से पैदल परिक्रमा प्रारंभ की।

दानघाटी मंदिर में गिरिराज प्रभु की पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद उन्होंने गिरिराज जी की 21 किलोमीटर परिक्रमा शुरू की। उन्होंने लोगों से कहा कि गिरिराज जी की परिक्रमा आत्मा को शांति और मन को ऊर्जा देती है। यह यात्रा लोक और संस्कृति से जुड़ने का एक माध्यम है। हम सबको मिलकर अपनी आस्था और प्रकृति दोनों की रक्षा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक ठा. मेघश्याम सिंह मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। इस दौरान एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीष कुमार, सीओ अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी रवि त्यागी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, व्यापार मंडल के गणेश पहलवान, अंशु कौशिक ने प्रसादी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# हाथरस में नक्सली मुठभेड़ में शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि

**हाथरस।** सीआरपीएफ 199 बटालियन के शहीद सब इंस्पेक्टर मदन पाल सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मदन पाल सिंह 28 जून 2019 को नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए थे।

उन्होंने एके-47 की तीन गोलियां लगने के बाद भी बहादुरी से लड़ाई जारी रखी। इस दौरान उन्होंने एक नक्सली को मार गिराया और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के आलाधिकारियों और जवानों ने शहीद के निवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद के परिवार के सदस्यों ने फूल माला और मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया।

इस मौके पर शहीद की पत्नी स्नेहलता देवी, पुत्र राहुल सिंह और मनीष सिंह, पुत्रियां पिंकी सिंह और निशा सिंह मौजूद थीं। अन्य परिजनों में गीतम सिंह, डूंगर सिंह और निर्मला देवी भी उपस्थित रहे।





# मोहर्रम और कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था

## टूंडला में डीआईजी ने किया पैदल मार्च, व्यापारियों से की बातचीत

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आगरा रेंज के डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर फिरोजाबाद के टूंडला नगर का दौरा किया। उन्होंने सुभाष चौराहे से दीपा चौराहे तक पैदल मार्च किया।

डीआईजी ने मुस्लिम समाज से मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। साथ ही क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की मांग की। कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। हर जगह पुलिस बल तैनात रहेगा जो कांवड़ियों की



मदद करेगा। उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों से मिल जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। सावन के पवित्र सोमवार पर चलने वाली कावड़ यात्रा पर उन्होंने जगह-जगह पुलिस फोर्स लगाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह धर्म लाभ कमाने का सबसे पवित्र महीना है। कावड़ियों की सेवा कर अन्य लोग भी पुण्य लाभ कमा सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, सीओ अमरीश कुमार और इंस्पेक्टर अंजीश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।


Rashtra Deep

Restaurants

Fully Air Conditioned

A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS




NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777



# मिट्टी की ढाय ढहने से 12 दबे, 4 शव निकाले

## राहत और बचाव कार्य जारी, यूपी-राजस्थान बॉर्डर पर हुआ हादसा

एनएनआई

**आगरा।** राजस्थान सीमा पर चंबल परियोजना के तहत खोदी जा रही पानी की पाइपलाइन जानलेवा हो गई। पाइपलाइन के गड्ढे से पीली मिट्टी लेने गए लोग ढाय गिरने से दब गए। ढाय में दबे लोगों में मृतकों की संख्या चार हो गई है। विजेंद्र का पुत्र अंकुर, मुंशीलाल की पत्नी विनोद, अमित कुमार की पत्नी योगेश एवं श्रीपद की पत्नी बिरला उर्फ विमला देवी है। सभी निवासी गण फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के गांव उत्तू निवासी हैं।

बताया जा रहा है कि गांव दाउदपुर की पंचायत उत्तू के 12 ग्रामीण पीली मिट्टी लेने पाइपलाइन



के लिए खोदे गए 10 फीट गहरे गड्ढे में उतरे थे, तभी अचानक मिट्टी की ढाय गिर गई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया और सभी को बाहर निकाला। घायलों को भरतपुर अस्पताल भेजा गया, जहां चार की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हैं। मौके पर राजस्थान और फतेहपुर सीकरी पुलिस पहुंचकर जांच में जुटी है।

**मृतकों के नाम**

योगेश कुमारी 22 वर्ष
विमला 45 वर्ष
श्रीमती विनोद 55 वर्ष
अनुकूल 22 वर्ष

## डबल डेकर बस से उतरा करंट, तीन झुलसे

**पिनाहट** (एनएनआई)। अहमदाबाद से बाह की ओर जा रही एक डबल डेकर यात्री बस शनिवार को उस समय हादसे का शिकार हो गई जब वह पिनाहट थाना क्षेत्र के गांव भदरौली के पास हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई। बस की ऊपरी मंजिल ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से छू गई, जिससे पूरे वाहन में करंट दौड़ गया।

बस में करंट दौड़ने से ड्राइवर नीटू यादव समेत दो यात्री झुलस गए। यह घटना तब हुई जब ड्राइवर ने सवारी उतारने को बस को साइड में रोका। झुलसे यात्रियो में महिला रेखा और उसका बेटा मोहित है। बताया जाता है कि बस में तमाम सवारियां होने के बाद भी केवल इन्हीं तीन को इसलिए करंट लगा कि महिला और उसका पुत्र बस से उतर रहे थे और वे खिड़की के पास लोहे के पाइप को पकड़े हुए थे।

# अधिवक्ता के चैंबर से नोटों से भरा बैग पार

- तहसील परिसर में हुई घटना से मचा हड़कंप
- बैग में थे 4.5 लाख नकद और दर्जन भर बैनामे
- शाहगंज पुलिस मामले की जांच में जुटी

एनएनआई

**आगरा।** सदर तहसील से एक अधिवक्ता के चैम्बर से साढ़े चार लाख रुपयों से भरा बैग पार हो गया। बैग में लाखों की नकदी के अलावा दो दर्जन बैनामा की कॉपी, बैंक की पासबुक, चेक व अन्य जरूरी कागजात थे।

मिली जानकारी के अनुसार, बिचपुरी के गढ़ी गुलजारी निवासी इन्द्रपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह सदर तहसील में अधिवक्ता हैं। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने चैंबर में बैनामा कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान किसी ने नोटों से भरे बैग को पार कर दिया। बैग पार देख अधिवक्ता के होश उड़ गए। लाखों की नकदी से भरे बैग को नदारत देख तहसील परिसर में हड़कंप मच गया।

सूचना पर शाहगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अधिवक्ता ने बताया कि बैग में नकदी के अलावा दो दर्जन बैनामा जरूरी दस्तावेज भी थे। इंस्पेक्टर शाहगंज ने बताया कि अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह द्वारा दी गई तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।


# एक्सप्रेस वे पर ट्रेलर से टकराई डबल डेकर बस

## हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल, मची चीखपुकार

एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सिकंदरा कानपुर देहात से मानेसर हरियाणा जा रही डबल डेकर बस ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस व यूपीडा टीम ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया।

पुलिस के मुताबिक रात 1:20 बजे शिव शक्ति ट्रैवल्स की डबल डेकर प्राइवेट बस सिकंदरा कानपुर देहात से



55 सवारियां लेकर मानेसर हरियाणा जा रही थी। जैसे ही बस फतेहाबाद क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 27 पर पहुंची तो चालक को नींद की झपकी लग गई। इससे बस अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रेलर में पीछे से टकरा गई।

बस में बैठी सवारियों में चीखपुकार मच गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी पर फतेहाबाद पुलिस व यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। बस का इमरजेंसी गेट खोलकर रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकला। हादसे के घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# लगातार चोरियों को लेकर व्यापारियों में गुस्सा...बाजार बंद, धरने पर बैठे

**आगरा** एनएनआई। कागारौल कस्बा में लगातार हो रही चोरी व पुलिस की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ रविवार सुबह व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। व्यापारियों ने कस्बे का सम्पूर्ण बाजार अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर दिया और शांतिपूर्ण धरने पर बैठ गए। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों को समझाकर बाजार खोलने की अपील की, लेकिन व्यापारी अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं।

ट्रैवल्स व्यवसायी रिंकू गर्ग ने बताया कि उनकी व अन्य व्यापारियों की निजी बस कस्बा स्थित एक फिलिंग स्टेशन पर रात के समय खड़ी रहती हैं। बसों से अक्सर डीजल चोरी हो रहा था। रिंकू गर्ग नौ जून की रात को अपनी रिश्तेदारी से घर लौट कर आए। अपनी कार को फिलिंग स्टेशन पर खड़ा कर अपने घर को जा रहे थे,



तभी उन्हें वहां कुछ लोगों की चहलकदमी दिखाई पड़ी।

रिंकू ने बताया कि टोकने पर वह लोग भाग खड़े हुए, जिनमें से एक को पहचान लिया गया था। छानबीन करने पर उन्हें वहां एक कार खड़ी दिखाई दी। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। कार से पुलिस ने डीजल से भरी चार कैन व कुछ खाली कैन, डीजल चोरी करने वाला पाइप व दो फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की थीं। कस्बा निवासी साहब सिंह की तहरीर पर पुलिस ने 10 जून को सौरव चाहर पुत्र सीताराम चाहर निवासी गढ़मुक्खा सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। व्यापारियों का आरोप है कि नामजद मुकदमा पंजीकृत होने के बावजूद पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पा रही है। आरोप है कि शनिवार शाम को पीड़ित व्यापारियों के साथ थाना पहुंच कर मामले की जानकारी करने पहुंचे तो कस्बा इंचार्ज द्वारा उन्हें डराया व धमकाया गया।

ट्रेड मार्क/कॉपी राइट चेतावनी




समस्त पेठा निर्माताओं/विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि वह हमारे मुवक्किल पंछी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड एवं पंछी पेठा स्टोर, नूरी दरवाजा, आगरा के जाने पहचाने नाम पंछी ब्रांड व लेवल का नकल करना व उससे मिलते जुलते नाम का दुरुपयोग करना बंद कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध ट्रेड मार्क, कॉपी राइट एक्ट की भिन्न-भिन्न धाराओं के तहत सिविल व क्रिमिनल की कानूनी कार्यवाई की जाएगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की स्वयं जिम्मेदार होंगे। पंछी पेठा स्टोर www.panchhipetha.com

हैड ऑफिस : भगत सिंह द्वार नूरी गेट, आगरा 02 मो. 7055500772

पंछी पेठा स्टोर, आगरा की अपनी शाखायें :
- धौलपुर हाउस (इम्पीरियल होटल के सामने) छीपीटोला, आगरा-मो. 7055500773
- रमाडा होटल से 340 मी. पहले टी.डी.आई. सिटी तथा जलसा रिसोर्ट के सामने, आगरा - मो. 9837022955
- पुष्पविला होटल के सामने (कलाकृति के पास), फतेहाबाद रोड, आगरा- मो. 8193085608
- सौदागर लाइन, सदर बाजार, पवन होटल के नीचे, आगरा-मो. 7055500774
- आतम मार्केट, नौलक्खा क्रॉसिंग, सदर बाजार, आगरा-मो. 7055500775
- कैला देवी ढ़ाबा के बगल में नोयडा एक्सप्रेस-वे के पास छलेसर रोड, आगरा-मो. 9634298943
- पाठक प्रेस, पूर्वी गेट, ताजमहल के पास, आगरा-मो. 9997644141

दिल्ली शाखायें :
- शॉप नं. 101, कनॉट पेलेस, आउटर सर्किल हल्दीराम शोरूम के सामने, नई दिल्ली-मो. 011-23327171
- शॉप नं. 2365, मैन रोड रोड, वैस्ट पटेल नगर, मैट्रो पिलर 215, नई दिल्ली-मो. 011-25702714

Advocate Manish Agarwal Jolly
M/S Chunna Babu Vinesh kumar Advocate & Co ( Estd 1951)
Trademark - Copyright Registration & Litigation Experts
Mob.: 98972-24192 96750-66606

- जिम्मेदारों की अनदेखी से बारह भाई गली बेलनगंज बेहाल
- शिकायत पर नहीं होती कार्रवाई, क्षेत्र विवाद में उलझे जिम्मेदार

# यहां हो रही मच्छरों की खेती



एनएनआई

**आगरा।** शहर का पुराना व्यवसायिक इलाके बेलनगंज की बारह भाई गली में बारिश के जमा पानी में मच्छरों की खेती हो रही है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और गड्ढों में जलभराव से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। क्षेत्रीय लोग पार्षद से लेकर जिम्मेदार अफसरों तक शिकायत कर-कर थक गए, लेकिन उन्हें नारकीय जीवन से छुटकारा नहीं मिल सका। नालियों की सफाई के अभाव में बारिश का पानी यहां कई-कई दिनों तक ठहरा रहता है। जिम्मेदारों की अनदेखी का दंश झेलने को यहां के बाशिंदे विवश हैं।

बेलनगंज से यमुना किनारे को जोड़ने वाली बारह भाई गली साफ-सफाई न होने से बारिश का पानी कई-कई दिनों तक रास्ते में जमा रहता है। पार्षद से बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। लोग बीमारियों की गिरफ्त में आकर चिकित्सकों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदार महकमे हैं कि ध्यान देने को ही तैयार नहीं हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आखिर वह जाएं तो जाएं कहां।

### फुटबाल बन रहे क्षेत्रीय लोग

बारह भाई गली के इलाके दो जनप्रतिनिधियों के बीच फुटबाल बनने को मजबूर हैं। वार्ड 65 और 79 के सीमा विवाद के बीच यह कहकर टरका दिया जाता है कि हमारे वार्ड क्षेत्र में नहीं है, वहां जाएं और वहां से दूसरी जगह भेज दिया जाता है। इसके चलते बारहभाई गली से केनरा बैंक तक सफाई व्यवस्था और जलभराव राजनीतिक जंग का मोहरा बनाकर रह गई है।



बारह भाई गली की जलभराव की समस्या का हल निकालने के लिए जल्द ही इसमें एक पाइप लाइन डाली जाएगी। ताकि यहां की जल भराव की समस्या को खत्म किया जा सके।

**अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद वार्ड 65**



बारह भाई गली मेरे वार्ड में नहीं लगती है। यह अन्य क्षेत्र के पार्षद के वार्ड में आती है। फिर भी हम दोनों ने इस समस्या का हल निकाला है। जल्द ही इसमें एक पाइप लाइन डालकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**राकेश जैन, पार्षद वार्ड 79**



मैंने कई बार नगर निगम में ऑनलाइन शिकायत की, लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। हमारी दुकान के सामने जलभराव रहता है। इससे व्यापार करने में दिक्कत आती है। नालियों की सफाई न होने से जरा सी बारिश में जल भराव हो जाता है। क्षेत्रीय लोग परेशान हो गए हैं। अभी तक समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है।

**संजय गर्ग, क्षेत्रीय दुकानदार**



क्षेत्र में गंदगी, जलभराव और जगह-जगह गड्ढों की समस्या से मैं कई वर्षों से क्षेत्रीय पार्षद को बताता आ रहा हूं। कई बार अपने पैसों से जलभराव को निकलवाया। नगर निगम ध्यान नहीं देता। पार्षद सालों से जल्द समस्या का हाल होने का आश्वासन दे रहे हैं,लेकिन आज तक कोई हल नहीं हुआ। अब तो नगर निगम और पार्षद से विश्वास ही उठ गया है।

**नितिन खंडेलवाल , क्षेत्रीय निवासी**



इलाके की यह समस्या कई सालों से बरकरार है। लगातार इसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद से लेकर नगर निगम के अधिकारीयों तक गुहार लगा कर थक चुके हैं। जलभराव के चलते ग्राहक दुकान पर नहीं आते। व्यापार करना मुश्किल हो गया है।

**संजय खंडेलवाल क्षेत्रीय दुकानदार**

# खोखले निकले दावे, नाले नहीं हुए साफ

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम ने अप्रैल के शुरूआत में नाला सफाई अभियान शुरू किया था। तय किया था कि 30 जून तक शहर के 410 छोटे-बड़े सभी नालों को साफ कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। नगर निगम द्वारा निर्धारित नाला सफाई अभियान का आज अंतिम दिन है। इसके बावजूद शहर के सभी छोटे-बड़े नाले साफ नहीं हो सके हैं। अधिकांश नालों में सिल्ट और गंदगी के ढेर जमा हैं। इसके चलते बारिश में इस साल भी शहरवासियों को जलभराव से जूझना होगा। शहर के ज्यादातर नालों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इनकी तली झाड़ सफाई नहीं हो सकी है। इस अभियान में 10 जेसीबी, 34 चेन मशीन, 25 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली, 10 से अधिक लोडर, 250 सफाई कर्मचारी लगाए गए। इसके बाद भी अधिकांश नाले साफ नहीं हो सके हैं। इतना ही नहीं, कई नालों का निर्माण कार्य भी अधर में लटका हुआ है। इसकी वजह से सड़कों पर सिल्ट फैली हुई है। नाला निर्माण न होने इन नालों से जल निकासी नहीं हो पा रही है। कुछ नालों का निर्माण कार्य अभी भी पूरा नहीं हो सका है। पिछले 15 दिन से तो काम ही रुका हुआ है। इसके चलते बारिश के दौरान यहां के लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजय वर्मा का कहना है कि तय समय में सभी नालों की सफाई करा दी गई लेकिन इनमें दोबारा सिल्ट और गंदगी आ गई है। इसलिए नालों की सफाई का अभियान लगातार चलता रहा है।

## मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में नियुक्तियों और पाठ्यक्रम विस्तार पर बनी सहमति

**प्रबंध समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**




एनएनआई

**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय की प्रबंध समिति की बैठक शनिवार को संस्थान के प्रशासनिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा से हुई। बैठक में वेतन विसंगतियों से संबंधित मामलों पर चर्चा हुई। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी या अन्य विश्वविद्यालयों की नियमावलियों का परीक्षण कर उचित समाधान निकाला जाए। वरिष्ठ चिकित्सा मनोवैज्ञानिक डॉ. सुमित्रा मिश्रा को प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में नामित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। साथ ही मनोचिकित्सा विभाग में अनुबंध पर एसोसिएट प्रोफेसर के 6 व असिस्टेंट प्रोफेसर के 10 पदों पर नियुक्तियों को भी मंजूरी दी गई। संस्थान में विद्यार्थियों की शैक्षिक मांगों को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी प्रतिभा सिंह, संस्थान निदेशक प्रो. दिनेश राठौर, डॉ. ज्योत्स्ना भाटिया, डॉ. (मेजर) चंद्रशेखर वाजपेयी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरियाली बढ़ाने को युद्धस्तर पर तैयारी, जनसहयोग से बनेगा अभियान जनांदोलन : नगर आयुक्त

- आगरा नगर निगम को मिला 2.11 लाख पौधों का लक्ष्य, 1 जुलाई से सघन पौधरोपण सप्ताह

एनएनआई

**आगरा।** राज्य सरकार द्वारा आगरा नगर निगम को इस बार 2.11 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य सौंपा गया है। इस हरित अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम ने तैयारी युद्धस्तर पर शुरू कर दी है। शहर के पार्कों, स्कूल परिसरों, सड़क किनारे, यमुना किनारे और सरकारी संस्थानों की खाली भूमि पर गड्ढे खोदे जा रहे हैं। नगर निगम 1 जुलाई से 7 जुलाई तक विशेष सघन पौधरोपण सप्ताह मनाएगा। इस दौरान हजारों पौधे रोपे जाएंगे। नगर निगम के सह प्रभारी (उद्यान एवं लेखाधिकारी) विपिन यादव ने बताया कि इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, स्कूली बच्चों और आमजन को भी जोड़ा जाएगा ताकि इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। पौधरोपण में केवल सजावटी नहीं, बल्कि नीम, पीपल, शीशम जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधे और आम, अमरूद, जामुन जैसे फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी। नगर निगम ने अपनी नर्सरी में हजारों पौधे पहले से तैयार किए हैं, वहीं वन विभाग से भी पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कहा-यह लक्ष्य केवल संख्या नहीं, हमारी पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम इसे जनसहयोग से एक जनांदोलन का रूप देना चाहते हैं। नगर निगम पूरी तैयारी के साथ मैदान में है और हमें विश्वास है कि शहरवासी भी इसमें पूरे उत्साह से भाग लेंगे।

# प्रकृति हमारी धरोहर, संरक्षण हमारी जिम्मेदारी : डीएफओ

**वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम 2.0 को जनांदोलन बनाने का संकल्प**

एनएनआई



**आगरा।** प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को पलाश सभागार में वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' को लेकर कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। डीएफओ राजेश कुमार ने इसे मातृशक्ति और प्रकृति को समर्पित अभियान बताते हुए जनांदोलन का रूप देने का आह्वान किया। सिटी रेंज ऑफिसर पुनीता यादव ने सभी स्थलों पर निगरानी दल गठन की बात कही। रिसर्च असिस्टेंट सुरभि जैन ने पौधों की जीवित रहने की दर पर आधारित डेटा साझा किया। नमामि गंगे योजना के जिला परियोजना अधिकारी शुभम सक्सेना ने बताया कि नदी तटों पर वृक्षारोपण से गंगा की निर्मलता में सहयोग मिलेगा। नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के गोपाल खंडेलवाल ने औद्योगिक इकाइयों से हजारों पौधे लगाने की बात कही। इंडिया राइजिंग, संस्कृति यूथ फाउंडेशन की ज्योतिका बघेल, डब्ल्यूआरआई के डॉ. राहुल तिवारी, पर्यावरणविद केसी जैन और डॉ. श्रीकांत कुलश्रेष्ठ ने भी सुझाव व सहयोग का आश्वासन दिया।

# संजय गुप्ता बने अध्यक्ष, मुकेश गुप्ता महामंत्री

**न्यू मार्केट जीवनी मंडी ट्रेडर्स एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न**



एनएनआई

**आगरा।** न्यू मार्केट जीवनी मंडी ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव शनिवार को नेशनल चैंबर भवन में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारियों मनोज गुप्ता व अनिल वार्ष्णेय ने सफल संचालन किया। अध्यक्ष पद पर संजय गुप्ता को 19 मतों से जीत मिली। महामंत्री पद पर मुकेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष पद पर तुषार वार्ष्णेय निर्विरोध निर्वाचित हुए। नितिन अग्रवाल और सौरभ गुप्ता उपाध्यक्ष बनाए गए। मुख्य अतिथि नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष संजय गोयल ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। निवर्तमान अध्यक्ष संजय जैन व महासचिव मनीष अग्रवाल ने टीम को सहयोग का भरोसा दिया। संरक्षक मनीष अग्रवाल ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय गुप्ता ने संगठन को एकजुट रखते हुए व्यापारिक और सामाजिक हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह में मुरारीलाल गोयल, गिरीश चंद्र गोयल, रवि शर्मा, दिलीप अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रभात जैन, अमित अग्रवाल, लक्ष्मीकांत गुप्ता, किशन सिंह, दीपक गुप्ता, दीपक त्यागी, डॉ. नागेंद्र, डॉ. भूप सिंह सिकरवार, दिनेश अग्रवाल, दीपक लोहिया, राजेश अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम की सेवा को मिथिलावासी तैयार

एनएनआई



**आगरा।** आगरा में 148 वर्षों से चली आ रही रामलीला परंपरा के अंतर्गत आयोजित होने वाले जनकपुरी महोत्सव को लेकर कमला नगर समिति-2025 का गठन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कमला नगर स्थित सेलिब्रेशन रेस्टोरेंट में आयोजित समारोह में मातृशक्ति स्वरूप महिलाओं के साथ मुख्य कार्यकारिणी की घोषणा की गई। समिति के मार्गदर्शक व लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) राकेश गर्ग, राजा जनक राजेश अग्रवाल (रसोई रतन) और अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स) ने कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत माला पहनाकर किया।

इस दौरान राकेश गर्ग ने जनकपुरी महोत्सव को प्रभु राम की सेवा मानते हुए तन, मन, धन से सहयोग का आह्वान किया। अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी–एक भी पेड़ नहीं कटेगा। संवाद में जय सियाराम का प्रयोग किया जाएगा। राजा जनक राजेश अग्रवाल ने माता जानकी के त्याग और प्रभु श्रीराम की मयार्दा का पालन करने का संकल्प दोहराया। पूर्व राजा दशरथ उमेश कंसल को महामंत्री व राम रतन मित्तल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी केके अग्रवाल (बीमा) और कवि कुमार ललित को दी गई। महिला समिति की कमान सीमा अग्रवाल को महिला समिति की संरक्षक रानी सुनयना अंजू अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीमा अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया।

# किशोरों ने लिया नशामुक्त जीवन का संकल्प, विशेषज्ञों ने बताए नशे के दुष्परिणाम

**राजकीय संप्रेषण गृह में विधिक जागरूकता शिविर**

एनएनआई



**आगरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों को मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए जागरूक करना रहा। शिविर में डॉ. पूजा कुलश्रेष्ठ (काउंसलर) ने किशोरों को धूम्रपान और नशे की आदतों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कुछ किशोरों की व्यक्तिगत काउंसलिंग भी की। डॉ. अविनाश ने नशे के प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मादक पदार्थ न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि जीवन और भविष्य को भी अंधकारमय बना देते हैं। उन्होंने किशोरों से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. आंचल, डॉ. एकता, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। शिविर के अंत में किशोरों ने नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया।

# आईसीसी ने प्रो. अजय तनेजा को किया सम्मानित



एनएनआई

**आगरा।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति नियुक्त होने पर प्रो. अजय तनेजा को इंडियन कार्उसिल ऑफ केमिस्ट्स (आईसीसी) ने डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय, खंदारी स्थित बेसिक साइंस संस्थान में सम्मानित किया। प्रो. तनेजा को माला, पटुका व सम्मान पत्र भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि अपने संस्थान में सम्मान पाकर अभिभूत हूं, नई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाऊंगा। आईसीसी महासचिव व भरतपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजेश धाकरे ने स्मृति चिह्न भेंट किया। कोषाध्यक्ष व आगरा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार रावत ने आभार जताया। समारोह में प्रो. एससी गोयल, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. अमित अग्रवाल, प्रो. देवेंद्र शर्मा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रो. गौतम जैसवार, प्रो. हेमेंद्र कुलश्रेष्ठ, प्रो. बीपी सिंह, डॉ. संध्या अग्रवाल, प्रो. कल्पना चतुर्वेदी, प्रो. स्मिता चतुर्वेदी व डॉ. संगीता मौजूद रहे।

# व्यापारी कल्याण दिवस पर सम्मानित हुए आगरा के शीर्ष जीएसटी करदाता

- दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर मंडलायुक्त सभागार में हुआ भव्य आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को मंडलायुक्त सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने की। विधायक भगवान सिंह कुशवाह, सीडीओ प्रतिभा सिंह, एडीएम वित्त शुभांगी शुक्ला, अपर आयुक्त राज्य कर पंकज गांधी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारी प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लखनऊ से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के शीर्ष जीएसटी करदाताओं को सम्मानित किया गया। इनमें पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड (21465.18 लाख), एशियन पेंट्स (16963.54 लाख), अशोका ऑटो सेल्स (7234.97 लाख), मॉडर्न रोड मेकर प्रा.लि. (3442.85 लाख) और जीपीटी इन्फ्राप्रोजेक्ट लि. (3357.83 लाख) शामिल हैं। प्रो. बघेल ने भामाशाह के राष्ट्रप्रेम और दान की भावना को याद करते हुए कहा कि व्यापारियों का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। अपर आयुक्त पंकज गांधी ने जीएसटी को सरल और पारदर्शी कर प्रणाली बताते हुए व्यापारियों से समय पर रजिस्ट्रेशन और टैक्स भुगतान की अपील की। इस अवसर पर अनिल शर्मा, गिरिराज अग्रवाल, टीएन अग्रवाल, विजय गुप्ता, प्रमोद दुबे, जय पुरुसनानी, पंकज अग्रवाल, संजय अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन छात्रों को सेना में मिली कमीशनिंग

## सेनाभ्यास एजुकेशन सेंटर, आगरा के ले. तरनदीप सिंह, ले. अमीश दास और सब ले. कार्तिकेय गौतम बने युवाओं की प्रेरणा

एनएनआई

**आगरा।** यह हमारे शहर आगरा के लिए गर्व और गौरव का क्षण है। सेनाभ्यास एजुकेशन सेंटर, आगरा से एसएसबी की तैयारी करने वाले तीन पूर्व छात्रों ने हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों में कमीशन प्राप्त कर पूरे शहर और संस्थान का नाम रोशन किया है।

इनमें लेफ्टिनेंट तरनदीप सिंह, जिन्होंने अपने चयन के समय ऑल इंडिया रैंक 8वीं प्राप्त की थी, लेफ्टिनेंट अमीश दास, एयर थर्ड स्थान पर रहे, और सब लेफ्टिनेंट कार्तिकेय गौतम, जिन्होंने भारतीय नौसेना के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थान में सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया झ इन सभी ने देश सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। तीनों युवाओं ने ना केवल प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, समर्पण और प्रेरणा का अद्वितीय परिचय दिया, बल्कि अब वे सक्रिय सैन्य सेवा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को तैयार हैं। उनकी







यह उपलब्धि उनके परिवारजनों, मित्रों और विशेष रूप से सेनाभ्यास एजुकेशन सेंटर के अध्यक्ष ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मनोज कुमार के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

ब्रिगेडियर मनोज कुमार, जिन्होंने भारतीय सेना में 33 वर्षों तक सेवा दी, अब अपने अनुभव के माध्यम से युवाओं को सेना में भर्ती की दिशा में प्रशिक्षित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सेनाभ्यास सेंटर से अब तक दर्जनों छात्र भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में चयनित हो चुके हैं।

इन नव-कमीशंड अधिकारियों के सम्मान में सेनाभ्यास एजुकेशन सेंटर परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां वर्तमान एसएसबी अभ्यर्थियों ने उनसे प्रेरणादायक बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे कठोर परिश्रम, आत्मानुशासन और राष्ट्र के प्रति प्रेम ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। लेफ्टिनेंट तरनदीप सिंह ने कहा, "हमारा सपना आज साकार हुआ है, और इसके पीछे सबसे बड़ा योगदान हमारे मार्गदर्शक ब्रिगेडियर मनोज सर और सेनाभ्यास की टीम का है।" लेफ्टिनेंट अमीश दास ने जोड़ा, "यह शुरूआत है, अब हमें देश की सेवा में समर्पित होकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना है।" सब लेफ्टिनेंट कार्तिकेय गौतम ने भावुक होकर कहा, "यह सम्मान सिर्फ हमारा नहीं है, यह पूरे आगरा का है। हम इसे और ऊंचा ले जाने का संकल्प लेते हैं।"

कार्यक्रम के अंत में ब्रिगेडियर मनोज कुमार ने उपस्थित छात्रों से कहा, "हर युवा में देश सेवा की चिंगारी होती है, बस उसे सही मार्गदर्शन और प्रेरणा की जरूरत होती है। ये तीनों छात्र आज उस चिंगारी की लौ बनकर पूरे देश को रोशन कर रहे हैं।"

यह ऐतिहासिक उपलब्धि आगरा शहर के लिए एक मिसाल है और सेनाभ्यास एजुकेशन सेंटर के प्रेरणास्पद योगदान को रेखांकित करती है। इन नव नियुक्त अधिकारियों की यह सफलता निश्चित ही अगली पीढ़ी को सशक्त भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।




## पत्रकारिता के छात्र छात्राओं ने जानी प्रिंटिंग की बारीकियां, इंटर्नशिप का मिला ऑफर

**आगरा** एनएनआई। आगरा कालेज आगरा के पत्रकारिता विभाग के छात्र छात्राओं ने कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सी के गोतम के संरक्षण विभाग समन्वयक डा आनंद प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विभाग के विभागाध्यक्ष साथ अमर उजाला का विजिट किया। जिसमें समाचार की रिपोर्टिंग से लेकर अखबार के छपने तक की प्रक्रिया को जाना। अमर उजाला के संपादक के साथ छात्र छात्राओं को प्रिंट मीडिया की बारीकियों को जानने और समझने का मौका मिला ।साथ छात्र छात्राओं को इंटर्नशिप का आफर प्राप्त हुआ है। विजिट के दौरान डा.महेंद्र सिंह विभागाध्यक्ष पत्रकारिता विभाग, अभिषेक बैरागी, बॉबी राजपूत, कुणाल मित्तल, धर्मेंद्र यादव, प्रवेंद्र सिसोदिया, अंशु शर्मा, कुशल पाठक,खुशी, लवली गोस्वामी,दीक्षा, विशाल, नितेश अन्य लोग मौजूद रहे

## इंडियन क्लब के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए राजेश मित्तल

एनएनआई

**आगरा।** सुभाष पार्क स्थित इंडियन क्लब के निर्विरोध अध्यक्ष राजेश मित्तल चुने गए। सुखदेव गिडवानी उपाध्यक्ष व सचिव सुधीर भोजवानी चुने गए। 27 जून इंडियन क्लब की समस्त कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। आज सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को उपनियंत्रक नाहगरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट मुनेश कुमार गुप्ता ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

सचिव सुधीर भोजवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन क्लब का चुनाव 29 जून को होना था। चुनाव के लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून थी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 27



जून। सभी पदों के लिए एक-एक ही नामांकन किए गए। परन्तु उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार गुप्ता व सुखदेव गिडवानी ने मांकन किया। परन्तु 27 जून को अनिल कुमार गुप्ता द्वारा नाम नामांकन वापस लेने के कारण सभी पदाधिकारी व सदस्यों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गया। जिसके प्रमाण पत्र आज उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट मुनेश कुमार गुप्ता ने प्रदान किए। अन्य सदस्यों में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पीके मिश्रा,सरदार मनमोहन सिंह, गौरव अरोड़ा, राजेश मनमानी, सुशील कपूर को चुना गया।

## जैन मंदिर में शुरू हुआ एनिमेटेड अर्हम धर्म प्रशिक्षण शिविर

**आगरा** एनएनआई। जयपुर हाउस के टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंदिर समिति के तत्वावधान में अर्हम ध्यान योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद से चार दिवसीय एनिमेटेड अर्हम धर्म प्रशिक्षण शिविर का विधिवध शुभारंभ 28 जून को हुआ ।जिसमें जबलपुर से पधारी साक्षी दीदी ने सभी शिविरार्थियों को तत्वार्थ सूत्र व बाल बोध के बारे में सभी को समझाया। उन्होंने बताया कैसे द्वेष की भावना हम रखते हैं और उसको प्रेम में कैसे



बदला जा सकता है साथ ही कैसे हम मोक्ष पथ पर खुद को बढ़ा सकते हैं ।इस अवसर पर अंतरप्पा टीम द्वारा सभी शिविरार्थियों को तन से मन को स्वस्थ होने के लिए पंचमुद्राएं कराईंमंदिर समिति के मंत्री दीपक जैन ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 28 जून से 1 जुलाई तक शाम 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक जयपुर हाउस जैन मंदिर में लगा रहेगो इस अवसर पर राकेश जैन पदेवाले,दीपक जैन,बॉबी जैन,पंकज जैन,अमित जैन,सीमा जैन,मेघना बैनाड़ा,अंजना जैन,सिद्धार्थ जैन, शुभम जैन,समस्त आदि लोग उपस्थिति रहे।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**आगरा** एनएनआई। आगरा। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि,छावनी महानगर आगरा द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम ज्योतिबा फुले शाखा, विभव नगर पर किया गया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के ब्रज प्रांत संयोजक शिवेंद्र कुमार ने सभी उपस्थितजनों से इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया जिसमें पीपल, नीम ,जामुन,अशोक,अर्जुन आदि के पौधे प्रमुख रूप से रोपित हों। छावनी महानगर संयोजक एड अनिल शुक्ला ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण



गतिविधि का शहर में आज से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है और प्रत्येक शाखा से सभी पर्यावरणप्रेमी कम से कम पांच सौ पौधे लगाएंगे। पेड़ लगेंगे तभी हमको स्वच्छ प्राणवायु मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सदस्यों ने शाखा पर पांच पौधे रोपित किए और उनके संरक्षण और पोषण का संकल्प भी लिया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के ब्रजप्रांत संयोजक शिवेंद्र कुमार,जानकी नाथ कपूर,छावनी महानगर संयोजक एड अनिल शुक्ला,जयवीर सिंह,झम्मन सिंह,नितिन कुमार आदि पर्यावरण प्रेमी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बटेश्वर में बाउंड्रीवाल पर चला बुलडोजर




एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में शिव मंदिर श्रंखला के पास आबादी की जमीन पर रातों रात बाउंड्रीवाल बना कर किया गया कब्जा शनिवार को पुलिस प्रशासन ने बुल्डोजर चलवा कर हटवा दिया। एसडीएम बाह हेमंत कुमार, तहसीलदार बाह आशीष कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में अवैध कब्जे को ध्वस्त किया गया। बतादें कि 24 मई को मामले में तहसीलदार आशीष कुमार त्रिपाठी ने नोटिस जारी कर 28 मई तक अवैध निर्माण हटाए जाने को कहा था। चस्पा किए नोटिस में भू प्रबंध समिति के सचिव की आख्या में अवैध कब्जे की पुष्टि होने पर कार्यवाही की गई थी। निर्माण के संबंध में 28 मई तक कोई साक्ष्य होने पर तहसीलदार कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा गया था। शनिवार को एसडीएम बाह पुलिस प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बुल्डोजर चलवा कर रातों रात खड़ी की गई बाउंड्रीवाल को ध्वस्त किया गया। इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार त्रिपाठी, नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## षडयंत्र के तहत पुश्तैनी मकान पर कब्जा

**बाह** एनएनआई। दिल्ली में रह रहे बाह के चिकित्सक परिवार के सुनरट्टी में पुश्तैनी मकान को फर्जी वसीयत के आधार पर अवैध कब्जा किए जाने,बर्तन,फर्नीचर चोरी किए जाने एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर बाह पुलिस ने पड़ोस के दो नामजद समेत कुछ लोगों पर केस दर्ज किया है। डीसीपी पूर्वी को दिए प्रार्थना पत्र में सरिता विहार दिल्ली के रहने वाले डॉ. मदनलाल गुप्ता ने बाह के सुनरट्टी में पुश्तैनी मकान है। घर के पास रहने वाले बिजेन्द्र, सुरेश आदि ने भाई ओमप्रकाश की संपत्ति के षडयंत्र के तहत फर्जी वसीयत के नाम पर खुर्द बुर्द कर हड़पना चाहते हैं। पुश्तैनी मकान का ताला तोड़ कर पीतल के बर्तन और फर्नीचर चोरी कर लिया है। मकान पर अवैध कब्जा कर लिया है। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचा तो बिजेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता आदि ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। ऐलान किया कि संपत्ति हमारी है, दोबारा दिखने पर जान से मरवा देंगे। डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## दो साल में ही उखड़ने लगे अटल संकुल केन्द्र के पत्थर

**बाह** एनएनआई। बटेश्वर में 2 साल पहले बने अटल संकुल केन्द्र के पत्थर उखड़ने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग उठाई है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने बटेश्वर में 12.50 करोड़ की लागत से 2 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी सांस्कृतिक संकुल केन्द्र का निर्माण कराया था। यमुना किनारे बने संकुल केन्द्र में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा स्थापित है। लाइब्रेरी से लेकर हाल तक बने हैं। अटल संकुल केन्द्र के निर्माण में लाल पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। लाल पत्थर उखड़ने लगा है। शनिवार को एक पत्थर उखड़ कर गिर गया, गनीमत रही कि पत्थर गिरते समय नीचे कोई नहीं था, पत्थर उखड़ कर गिरने से स्थानीय लोग आहत हैं, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। प्रधानपति रघुवीर वर्मा, सचिन वाजपेयी, रामसिंह आजाद, विजेन्द्र पाराशर आदि ने अटल संकुल केन्द्र के निर्माण की गुणवत्ता की जांच एवं दोषी पाये जाने वालों पर कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटनमंत्री जयवीर सिंह से की है।

## जल प्रबंधन और जल निकासी की सूचना के लिए डाली आरटीआई

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। विकासखंड के ग्राम मंडी मिर्जा खान में बरसों से जल भरावी और गंदगी की समस्या को लेकर परेशान ग्रामीण द्वारा ग्राम विकास विभाग को आरटीआई डालकर गांव की जल प्रबंधन जल निकासी एवं अन्य सूचनाओं के लिए जानकारी मांगी गई है।

बता दे विकासखंड के ग्राम मंडी मिर्जा खान में वर्षों से गली मोहल्ले में व्यापक सफाई कार्य एवं चल प्रबंधन एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के चलते ग्रामीणों को भारी दिक्कत अपना सामना करना पड़ता है एक ही वर्ष के बाद ग्रामीण मार्ग नहीं निकाल पाते हैं। इसी समस्या से निजात के लिए ग्रामीण शरद कुमार द्वारा ग्राम में विकास विभाग में डाली गई आरटीआई के तहत क्या गांव में जल निकासी का प्रबंधन है सफाई का निर्धारित शेड्यूल., मानसून के लिए जल निकासी के क्या तैयारी जल निकासी प्रबंधन की रिपोर्ट, विगत 5 वर्षों की जलभराव संबंधित शिकायतों व उनका परिणाम से संबंधित सूचनाएं मांगी गई है।बता दें ग्रामीणों द्वारा खंड विकास एवं तहसील स्तर पर कई बार शिकायत करने के बावजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की गई है।

## सड़क व नाला निर्माण के लिए भूख हड़ताल शुरू

एनएनआई

**आगरा।** आगरा ग्वालियर रोड पर नगला मांकरोल, इटोरा, नगला पदमा,रोहता बाग,सराय मलूक चंद की सड़क निर्माण व जलजमाव की समस्या के समाधान व हाइवे पर भरे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण की मांग को लेकर किसान नेता श्याम सिंह चाहर व दिलीप सिंह के नेतृत्व में आज 28 जून से नगला माकरोल पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है किसान नेता श्याम सिंह चाहर, सिस्टम तो सुधरेगा के संयोजक नीरज शर्मा व किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह की अगुवाई में यह धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल के लिए भूख हड़ताल रहेगी , धरनारत सदस्यों ने बताया कि



जलभराव हाइवे के जीर्णोद्धार को लेकर यह धरना प्रदर्शन परेशानी से महीनों से प्रभावित क्षेत्रीय जनता को साथ लेकर ग्वालियर नेशनल हाईवे रोड नगला माकरोल पर समस्या के समाधान तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की हैं सभी क्षेत्रीय जन के सहयोग से यह धरना अनिश्चितकाल के लिए रहेगा शासन प्रशासन को जल्द से जल्द समस्या का हल सोचना होगा किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह ने कहा कि एनएचआई व लोक निर्माण विभाग के बीच में उलझाकर स्थानीय लोगों व राहगीर टूटी सड़क व जल भराव की परेशानी में डाल दिया है दो विभागों के बीच उलझन में हाइवे का विकास रुक गया हैं जिससे आवागमन में बहुत दिक्कत व प्रतिदिन लंबा जाम आम बात हो गयी हैं विभागीय सदस्यों को उलझन के विकल्प पर समाधान को देखना चाहिए जिससे आमजन को मुसीबत से छुटकारा मिल सकें ।

इस दौरान-किसान नेता श्याम सिंह चाहर, दिलीप सिंह , नीरज शर्मा , मनीष,जयवीर,चक्खन सिंह,सूरज मयंक शर्मा, सुरेन्द्र सिंह,सुनील फौजदार,वासुदेव कुशवाहा,महेश फौजदार, विनोद फौजदार, कोमलसिंह,हरिओम,बीरी सिंह, गेंदालाल, सुखराम,बबुआ, कुलदीप, लक्ष्मण सिंह, बनवारी लाल, प्रदीप, राजेश नेताजी, देवेन्द्र सिंह, गुड्डु आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे ।

## पैतृक जमीन को अवैध रूप से बेचने पर की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। विकासखंड के गाँव मड़ौली में पैतृक संपत्ति को लेकर छह भाइयों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। आरोप है कि संपत्ति पिता के नाम होने के बावजूद भी एक भाई ने मिलीभगत से अवैध रूप से जमीन बेच दी। वहीं पीड़ित भाइयों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है।

पीड़ित गजेंद्र सिंह के अनुसार वह छह भाई है। जो अलग अलग शहरों में नौकरी करते है। गांव मै उनकी पैतृक संपत्ति है। आरोप हैं कि पिता श्याम सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसका फायदा उठाते हुए छोटे भाई ने मिलीभगत से सभी के हिस्से की जमीन बेच दी। यही नहीं दाखिला खारिज की प्रक्रिया को भी अवैध रूप से अंजाम दिया गया। जब अन्य भाइयों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## जमीनी विवाद में तीन लोगों के खिलाफ कार्यवाही




**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम सोनोठी में शुक्रवार को दो पक्षों में जमीनी विवाद को लिए लेकर हुए झगड़े और मारपीट के मामले में थाना पुलिस द्वारा एक पक्ष पर तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की गई है। बता दें ग्राम सोनोठी में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर मानसिंह एवं मुन्ना पक्षों में जमकर मारपीट और झगड़ा हुआ था जिसमें कई लोग घायल भी हुए थे। उक्त मामले में पुलिस द्वारा बलवीर, रूप सिंह एवं घनश्याम पुत्र गण राम सिंह के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाई की गई है।

## युवती ने प्रेमी से की शादी

एनएनआई

**बाह।** बाह थाने पहुंची एक युवती ने परिजनों के उत्पीड़न से तंग आकर अपनी मर्जी से शादी की है। पिता पर अनैतिक दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। सिरसागंज क्षेत्र की रहने वाली युवती शनिवार को बाह थाने पहुंची। थाने में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह बालिग है, बीए की छात्रा है। बाह के एक गांव के युवक के साथ मंदिर में शादी कर ली है। उसके साथ ही जिंदगी की नई शुरूआत पति पत्नी के रूप में शुरू कर दी है। युवती ने अपने पिता पर गंभीर आरोप लगाया है। यातनाओं और अनैतिक दबाव के चलते उसने अपनी मर्जी से शादी की है। दावा किया है कि पिता द्वारा सिरसागंज में झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है। पिता से जान का खतरा है, अनहोनी घटना की आशंका जताई है। बाह पुलिस ने युवती को जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## संपादकीय

# भाजपा की राजनीति की राह पर ममता



पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले ममता बनर्जी को ऐसी राजनीति करनी है, जिससे उनकी पार्टी लगातार चौथी बार जीत हासिल कर सके। इसके लिए वे भाजपा का ही हिंदुत्व का दांव आजमा रही हैं और भाजपा के लोग परेशान हो रहे हैं। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार अलीफा अहमद कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आशीष घोष को 50 हजार वोट से हराया। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी 30 फीसदी के करीब है और हिंदू आबादी 70 फीसदी के करीब है। अगर हिंदू आबादी को 50 या 60 फीसदी वोट भी भाजपा को मिल जाए तो वह जीत की गारंटी नहीं है क्योंकि हिंदू वोट का 50 फीसदी हिस्सा भी कुल वोट का सिर्फ 35 फीसदी होगा। इसलिए भाजपा की जीत की गारंटी तब होगी, जब 60 से 70 फीसदी तक हिंदू वोट उसे मिले या मुस्लिम वोट में बड़ा बंटवारा हो। कालीगंज सीट पर उपचुनाव हिंदू बहुल 108 बूथ थे, जिनमें से 107 बूथों पर भाजपा को जीत मिली है यानी उसे तृणमूल कांग्रेस से ज्यादा वोट मिले हैं। हालांकि इसके बावजूद उसके वोट सिर्फ 28 फीसदी हैं। इसका मतलब है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में पूरी तरह से एकतरफा वोट पड़े हैं। सो, अगर ममता को चिंता है कि हिंदू एकतरफा भाजपा की ओर जा रहे हैं तो भाजपा को चिंता है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में हिंदुओं के वोट कैसे पड़ें और कैसे भाजपा को मिलें?असल में ममता बनर्जी एक तीर से दो शिकार करना चाह रही हैं। उनको अपने ऊपर लग रहे मुस्लिमपरस्ती और हिंदू विरोधी होने के आरोपों को खत्म करना है और दूसरा भाजपा के पक्ष में हिंदू ध्रुवीकरण को रोकना है। इसके लिए उन्होंने दीघा में नए बने जगन्नाथ मंदिर को हथियार बनाया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को ममता बनर्जी ने बड़ा झटका दिया। इससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। दूसरी ओर भाजपा के अंदर खींचतान बढ़ गई है। भाजपा के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं और कई नेता आने वाले दिनों में पार्टी छोड़ेंगे। तृणमूल से लाकर प्रदेश में भाजपा के सर्वोच्च नेता बनाए गए शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ भाजपा के पुराने नेताओं ने मोर्चा खोला है। इस टकराव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नहीं तय कर पा रही है। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार एक साल से दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस बीच ममता बनर्जी ने भाजपा को उसी के दांव से मात देने की तैयारी की है।ओडिशा के जगन्नाथपुरी के दम पर दीघा में भगवान जगन्नाथ का मंदिर बना है। ममता बनर्जी ने इसका उद्घाटन किया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष शामिल हुए। बाद में इस मंदिर को जगन्नाथ धाम कहने पर विवाद शुरू हुआ। पुरी मंदिर के पुजारियों और ओडिशा के लोगों ने विरोध किया कि धाम सिर्फ जगन्नाथपुरी को ही कहा जा सकता है। हालांकि ममता बनर्जी पर इसका कोई असर नहीं हुआ। मां काली के साथ साथ ममता भगवान जगन्नाथ के नाम से भी बंगाली अस्मिता का दांव खेल रही हैं। ध्यान रहे बंगाल और पूर्वोत्तर के अनेक राज्यों में चैतन्य महाप्रभु की वजह से जगन्नाथ रूप में भगवान कृष्ण की पूजा होती है। इतना ही नहीं ममता बनर्जी ने जगन्नाथ मंदिर बनने के बाद पहली रथयात्रा के मौके पर प्रदेश के सभी नागरिकों को भगवान जगन्नाथ का प्रसाद पहुंचाने का फैसला किया है। इस काम के लिए हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन यानी हिडको को कहा गया है। सरकार ने इसके लिए 42 करोड़ रुपए के फंड की मंजूरी दी है। विडम्बना यह है कि भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध कर रही है। भाजपा ने कहा कि सरकार की इस ईकाई का काम बुनियादी ढांचे का विकास करना है उसको प्रसाद बांटने के काम में लगाया जा रहा है। सोचें, अब तक भाजपा की सरकारें हिंदू धर्म को प्रमोट करने के लिए सरकारी फंड का इस्तेमाल करती रही हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐलान किया कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वालों को सरकार एक एक लाख रुपए देगी। लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों में सरकारी फंड से मंदिरों का निर्माण या जीर्णोद्धार कराया गया है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के मौके पर राज्य के लोगों को प्रसाद पहुंचाना चाहती है तो भाजपा को दिक्कत है! असल में यह भाजपा की बेचैनी है। उसको लग रहा है कि ममता इससे हिंदुओं की नाराजगी दूर कर लेंगी और फिर उनको हराना मुश्किल हो जाएगा।



# मुड़िया पूर्णिमा पर गोवर्धन परिक्रमा

## 468 साल से चली आ रही परंपरा, भक्त करते हैं नंगे पांव परिक्रमा



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)



भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी ब्रजभूमि में स्थित गोवर्धन पर्वत श्रद्धा और आस्था का बड़ा केंद्र है। हर साल यहां करोड़ों भक्त परिक्रमा लगाने आते हैं। खासतौर पर मुड़िया पूर्णिमा (ट्४ंट ढ४१ल्लें 2025) के दिन यहां सबसे ज्यादा भीड़ जुटती है। इस पूर्णिमा पर मथुरा में प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला लगता है, जिसे करोड़ी मेला के नाम से भी जाना जाता है।

इस बार गोवर्धन का यह मुड़िया पूर्णिमा मेला 4 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक लगेगा, जबकि 10 जुलाई को मुड़िया पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस मेले की परंपरा करीब 468 साल पुरानी है, लेकिन आज भी इसमें लोगों की आस्था उतनी ही मजबूत दिखती है।

**कैसे शुरू हुई ये परंपरा**

मुड़िया पूर्णिमा मेले की शुरूआत सनातन गोस्वामी की याद में हुई थी। कहा जाता है कि जब उनका गोलोकवासी (परलोक गमन) हुआ था, तब उनके अनुयायियों ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की और सिर मुंडवाकर भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा निकाली। तभी से यह परंपरा शुरू हुई, जिसे खासतौर पर बंगाली भक्ति संप्रदाय के लोग पूरी श्रद्धा से निभाते आ रहे हैं।

मुड़िया संत रामकृष्ण दास महाराज ने लोकल 18 से बातचीत में बताया कि पहले इस मेले में लोग कम आते थे, लेकिन जैसे-जैसे इस परंपरा की मान्यता बढ़ती गई, वैसे-वैसे यहां श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी। आज यह मेला देश ही नहीं, विदेशों में भी प्रसिद्ध है। गोवर्धन धाम में लगने वाले इस मेले में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। यहां आने वाले भक्त रूप सनातन गोस्वामी की याद में 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा करते हैं। यह परिक्रमा करने से सुख-समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति होती है।

**ढोल-नगाड़ों संग निकलती है शोभायात्रा**

संत रामकृष्ण दास महाराज ने बताया कि इस परंपरा को निभाते हुए सभी संत सिर का मुंडन कराते हैं। रूप सनातन गोस्वामी की शोभायात्रा विधि-विधान से निकाली जाती है, जिसमें ढोल, मजीरे, ताशे और बाजे की गूंज के साथ गोवर्धन परिक्रमा की जाती है। इसी कारण इस मेले को ह्यकरोड़ी मेलाह्न भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें लाखों-करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं।

**21 किलोमीटर की परिक्रमा का पुण्य**

मान्यता है कि जो भी भक्त मुड़िया पूर्णिमा के दिन 21 किलोमीटर की गोवर्धन परिक्रमा करता है, उसे जीवन में सुख-शांति और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। यही नहीं, दुख-दरिद्रता भी दूर हो जाती है। इसके साथ ही बैकुंठी की प्राप्ति भी होती है।

**भीड़ और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सतर्क**

मेले को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा, ट्रैफिक, सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लिया जा रहा है, ताकि करोड़ों की भीड़ के बीच किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था न हो।

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया




# बिहार में फिल्म शूट करना चाहती हैं मल्लिका शेरावत

एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत शुक्रवार को पहली बार बिहार की राजधानी पटना पहुंचीं, जहां उन्होंने न केवल लिट्टी-चोखा खाने की इच्छा जताई, बल्कि कहा कि वह रवि किशन की फैन हैं और मौका मिलने पर बिहार में फिल्म बनाएंगी। मल्लिका शेरावत ने बताया, मैं पहली बार बिहार आई हूं और यहां पर मुझे हर जगह एक्सप्लोर करना है। यहां की फेमस डिश लिट्टी-चोखा के साथ कचौड़ी खानी है। मेरी इच्छा है कि सड़क के किनारे जो मिलता है, वही खाऊं, मैंने सुना है, वो टेस्टी होता है। राज्य में हुए विकास को लेकर एक्ट्रेस ने कहा, बिहार काफी डेवलप हो चुका है। मैं एयरपोर्ट देखकर बहुत ही खुश और हैरान हूं कि इतना अच्छा एयरपोर्ट बना है। सड़कें और यहां के विकास को देखकर खुश हूं। कई शानदार फिल्मों में काम कर चुकीं मल्लिका ने बताया कि वह अभिनेता रवि किशन की प्रशंसक हैं और उनके साथ काम भी करना चाहती हैं। उन्होंने बताया, मुझे बिहार और यहां के कलाकार काफी पसंद हैं। मैं रवि किशन की फैन हूं और मौका मिला तो जरूर फिल्म बनाना चाहूंगी। मल्लिका हरियाणा के रोहतक से हैं। उनका असली नाम रीमा लांबा है। एक्ट्रेस के पिता चाहते थे कि वह आईएएस ऑफिसर बनें, लेकिन उन्होंने एक्टिंग को अपना करियर बनाया। मल्लिका शेरावत कई शानदार फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जिनमें 'मर्डर', 'ख्वाहिशें', 'बचकर रहना रे बाबा', 'डर्टी पॉलिटिक्स', 'वेलकम', 'प्यार के साइड इफेक्ट्स', 'डबल धमाल', 'जीनत' जैसी फिल्में शामिल हैं। वह कई हॉलीवुड फिल्म 'द मिथ', 'पॉलिटिक्स ऑफ लव' और 'टाइम रेडर्स' में भी काम कर चुकी हैं। हाल ही में मल्लिका शेरावत, राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आई थीं। इस फिल्म के जरिए मल्लिका ने लंबे समय के बाद कमबैक किया था।

# इरफान खान से मिली तारीफ मेरे लिए किसी भी अवॉर्ड से ज्यादा मायने रखती थी: सुभाष घई



दिग्गज फिल्म निर्माता सुभाष घई ने दिवंगत अभिनेता इरफान खान को याद किया और उन्हें फिल्म इंडस्ट्री का अनमोल रत्न बताया। उन्होंने कहा कि वह फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक थे। उनकी तारीफ किसी भी अवॉर्ड से ज्यादा मायने रखती थी। सुभाष घई ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान खान के साथ एक फोटो शेयर की, जो किसी अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान खींची गई थी। तस्वीर में दोनों ब्लैक कलर के सूट और वाइट शर्ट में नजर आ रहे हैं। साथ ही एक-दूसरे से मुस्कुराते हुए मिल रहे हैं। सुभाष घई के हाथ में एक अवॉर्ड है, वहीं इरफान उन्हें प्यार से गले लगाते हुए दिख रहे हैं। 'कर्ज', 'राम लखन', और 'ताल' जैसी मशहूर फिल्मों के लिए मशहूर सुभाष घई ने कहा कि फिल्मों में चमक-दमक से ज्यादा कहानी मायने रखती है। वह इरफान के काम और उनकी काबिलियत को बहुत अहमियत देते थे। उनकी तारीफ उनके लिए किसी भी पुरस्कार से ज्यादा खास थी। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा से दिखावटी सितारों की तुलना में अच्छे और महान अभिनेताओं की तारीफ करता रहा हूं। अच्छे अभिनेता कहानी को और बेहतर बनाते हैं, जबकि सितारे सिर्फ फिल्म को चमकाते हैं। मुझे इरफान खान से तारीफ मिलना किसी अवॉर्ड समारोह में पुरस्कार मिलने से ज्यादा खुशी देता था। इसलिए मैं इस तस्वीर को हमेशा संजोकर रखता हूं। हमें इरफान की बहुत याद आती है। सुभाष घई और इरफान खान ने साथ कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म 'राइट या रॉन्ग' में इरफान ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म के निर्देशक सुभाष घई थे। इसके अलावा, सुभाष घई की फिल्म 'इकबाल' में इरफान ने सहायक भूमिका निभाई थी। इरफान खान का निधन 29 अप्रैल 2020 को हुआ था। वह एक गंभीर बीमारी, जिसे न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर कहते हैं, से लंबे समय तक जूझ रहे थे। उन्हें इस बीमारी का पता साल 2018 में चला था। इरफान खान ने खुद अपने ट्विटर पोस्ट के जरिए बीमारी की जानकारी फैंस को दी थी।



# चुनौतियों से भरे किरदार करना चाहती हूं- सोनाक्षी सिन्हा

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'निकिता रॉय' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। कई फिल्मों में दमदार अदायगी से वाहवाही लूटने वाली सोना ने आईएएनएस से बातचीत में एक दबी हुई ख्वाहिश का भी इजहार किया! आईएएनएस ने जब उनसे पूछा कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह और क्या करना चाहेंगी, तो इस पर 'दबंग' अभिनेत्री ने कहा, वह इन दिनों ऐसे किरदार की तलाश में हैं जो उन्हें अलग तरह से चुनौती दें और उन्हें अलग-अलग तरीके से स्क्रीन पर पेश करें।

उन्होंने आगे कहा, मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहती जो मैंने पहले किया हो या ऐसा जो मैं अपनी नींद में कर सकती हूं, बल्कि मैं ऐसा किरदार चाहती हूं जो वास्तव में मुझे नई चुनौती दे और मुझे मेरे कंफर्ट से बाहर ले जाए। इसलिए मैं पिछले नौ सालों से अलग-अलग किरदार चुन रही हूं। वहीं, मुझे नई चीजें करना पसंद भी है और इसमें काफी मजा भी आता है।

सोनाक्षी ने कहा, मैं एक पीरियड ड्रामा या बायोपिक करना पसंद करूंगी। मैंने हीरामंडी जैसी पीरियड ड्रामा सीरीज की है, लेकिन मैंने बायोपिक नहीं की है। इसलिए मैं इसे करना पसंद करूंगी।

इस बीच सोनाक्षी ने सन ऑफ सरदार सीक्वल का हिस्सा न होने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि शायद फिल्म की कहानी अब किसी और दिशा में जा रही है और उसमें नए किरदार होंगे। मैं इस बदलाव को पूरी तरह समझती हूं और इसका सम्मान करती हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, मैं अब प्रोफेशनल तरीके से सोचती हूं। हम इतने सालों से इस इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, तो इन बातों को समझना आ गया है। यह बहुत छोटी सी बात है, कोई बड़ी बात नहीं है। इसका मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता।

बता दें, अभिनेत्री साल 2012 में रिलीज फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में थीं। साथ ही फिल्म में अजय देवगन ने जस्सी और संजय दत्त ने बिल्लू का किरदार निभाया था। इसमें एक्ट्रेस जूही चावला भी अहम किरदार में नजर आई थीं। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साल 2010 की तेलुगू फिल्म 'मर्यादा रमन्ना' की रीमेक थी। अब इसके सीक्वल में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की जोड़ी नजर आएगी। वर्कफ्रंट की बात करें, तो सोनाक्षी की फिल्म निकिता रॉय 18 जुलाई को सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली है। जिसमें उनके साथ परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नायर नजर आएंगे। साथ ही फिल्म में उनके भाई कुश सिन्हा बतौर निर्देशक शुरूआत करने जा रहे हैं।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दिन अफ्रीका ने 9 पर 418 रन बनाए



- प्रिटोरियस डेब्यू में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर

**बुलावायो।** साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट में मजबूत शुरूआत की है। शनिवार को मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने पर साउथ अफ्रीकी टीम का स्कोर 418/9 है। कार्बिन बॉश 100 रन बनाकर नाबाद हैं। क्वेना मफाका उनका साथ दे रहे हैं। लुआन-ड्रे प्रिटोरियस 153 रन बनाकर आउट हुए। वे डेब्यू मैच में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर बने हैं। डेवाल्ड ब्रेविस 51 रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे की ओर से तनाका चिवंगा ने 4 विकेट झटके।

### प्रिटोरियस ने मियांदाद का रिकॉर्ड तोड़ा

साउथ अफ्रीका की ओर से डेब्यू करने वाले लुआन-ड्रे प्रिटोरियस टेस्ट क्रिकेट में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। प्रिटोरियस ने 19 साल 93 दिन की उम्र में डेब्यू करते हुए अपने पहले टेस्ट में 153 रन बनाए। वे पाकिस्तान के जावेद मियांदाद से 26 दिन छोटे हैं, जिन्होंने 1976 में लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 163 रन बनाए थे। वे टेस्ट इतिहास में डेब्यू में शतक बनाने वाले पांचवें सबसे युवा और दक्षिण अफ्रीका के सबसे युवा खिलाड़ी बने।

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को 97 रनों से हराया

**कप्तान मंधाना का शतक, डेब्यू मैच में श्री चरणी को 4 विकेट**



नटिंघम। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड दौरे का जीत से आगाज किया है। टीम ने शनिवार रात को पहले टी-20 मैच में इंग्लिश टीम को 97 रनों के अंतर से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। नटिंघम में इंग्लैंड की कप्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट चेज कर रही मेजबान टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय टीम से डेब्यू कर रही श्री चरणी ने 4 विकेट झटके। वहीं, कप्तान स्मृति मंधाना ने 112 रनों की शतकीय पारी खेली।

### शेफाली-मंधाना की फिफ्टी पार्टनरशिप, स्मृति ने शतक बनाया

- टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस हार कर बैटिंग कर रही भारतीय टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना नुकसान के 47 रन बनाए।
- 9वें ओवर में जब शेफाली 20 रन बनाकर आउट हुईं। तब टीम इंडिया का स्कोर 77 रन था। वर्मा के आउट होने के बाद स्मृति ने हरलीन देअल के साथ मिलकर स्कोर 170 पार पहुंचाया। हरलीन 43 रन बनाकर आउट हुईं।
- कप्तान मंधाना ने अपनी पारी में 62 गेंदों का सामना किया। उन्होंने 15 चौके और 3 छक्कों के सहारे 180.64 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से लौरेंस बेल ने 3 विकेट झटके।

### मंधाना ने हरमनप्रीत के दो रिकॉर्ड तोड़े...

- मंधाना टी-20 मैच में भारत की ओर से सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाने वाली बैटर बन गईं। उन्होंने हरमनप्रीत कौर के 103 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है।
- मंधाना (78 रन) एक टी-20 पारी में भारत की ओर से बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने हरमनप्रीत कौर (76 रन) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।
- मंधाना क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट यानी टेस्ट, वनडे इंटरनेशनल और टी-20 में शतक बनाने वाली इकलौती भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं।

**एशिया कप 2025**

# 10 सितंबर से हो सकता है शुरू

## भारत-पाक मैच हाइब्रिड मॉडल पर होने की संभावना



**नई दिल्ली।** एशिया कप 10 सितंबर से शुरू हो सकता है, हालांकि एशिया क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की ओर से आधिकारिक रूप से अभी तक इस पर कुछ भी नहीं कहा गया है। एशिया कप 2025 भारत में होना है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार अउउ टी-20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले एशिया कप का शेड्यूल 10 जुलाई के पहले सप्ताह में हो सकता है। टूर्नामेंट में पाक का मैच हाइब्रिड मॉडल पर कराने को लेकर भी जल्द फैसला हो सकता है। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक के बीच तनाव अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान के आने की संभावना खत्म हो गई।

# सेंट एंड्रयूज स्कूल के ताइक्वांडो खिलाड़ियों का चयन इंडिया कैंप में हुआ



**आगरा एनएनआई।** सेंट एंड्रयूज स्कूल के तीन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने 22 जून से 24 जून तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) फगवाड़ा, पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय ट्रायल में एक स्वर्ण, दो रजत पदक जीतकर उत्तर प्रदेश व आगरा का नाम रोशन किया। स्कूल के कोच विक्रम सक्सेना ने बताया कि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिया जिसमें कैडेट कैटेगरी में आकृति ने स्वर्ण पदक, रितिक चौहान एवं नंदिनी ने रजत पदक जीत कर छठवीं एशियन कैडेट प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में जगह सुनिश्चित की। कैंप में इनका सिलेक्शन मलेशिया में होने वाली 25 जुलाई से 30 जुलाई 2025 को एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए होगा। सभी खिलाड़ियों को सेंट एंड्रयूज के सी.एम.डी डॉ गिरधर शर्मा, एम.डी. सी.ए अपूर्वा शर्मा, प्रधानाचार्या साहिबा खान, उप प्रधानाचार्या रीता राय, बी.डी. दुबे आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगला प्रताप, बसेरी काजी और रोहता 11ने जीती बाजी

फतेहपुर सीकरी **एनएनआई।** बिल्ड फॉर सक्सेस प्रीमियर लीग 2 टूर्नामेंट में रविवार को हुए तीन मुकाबले में नगला प्रताप, मलपुरा, बसेरी काजी और रोहता 11 की टीमों ने अपने प्रतिनिधियों को हराकर बाजी मारी। पहला मुकाबला नगला प्रताप मलपुरा और नगला कराही के बीच हुआ। नगला प्रताप मलपुरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 8 ओवर में 63 रन बनाए,जवाब में नगला कराही की टीम संघर्ष करते हुए 50 रन ही बना सकी मैन ऑफ द मैच मोहन सिंह को चुना गया,दूसरा मुकाबला दौलताबाद बसेरी काजी लॉयन्स के बीच खेला गया। दौलताबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 53 रन बनाए,बसेरी काजी लॉयन्स ने बेहतरीन साझेदारी के साथ लक्ष्य को 8 ओवर में हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच सत्येंद्र कुमार को चुना गया। तीसरा मुकाबलाः रोहता 11 और मंगोली के बीच हुआ। रोहता 11 ने इतिहास रचते हुए 8 ओवर में 166 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शैलेश जाट ने सिर्फ 22 गेंदों में 92 रनों की तूफानी पारी खेली। मंगोली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 80 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच शैलेश जाट को चुना गया

# रविवार, 29 जून राशिफल

आज रविवार का दिन मेष राशि के जातकों के लिए लाभदायक रहेगा। आज आपकी राशि से चंद्रमा का संचार वृषभ राशि में होने जा रहा है। ऐसे में आपको आज चंद्रमा सुख और लाभ का अवसर प्रदान करेंगे। आपको आज अचानक ही धन लाभ का मौका मिलेगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन बहुत ही आनंददायक रहेगा। आपकी राशि में शुक्र का प्रवेश आपको लाभ और उन्नति का मौका प्रदान करेगा। आपको आज कहीं से अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। महिला सगे संबंधियों से आपको आज लाभ और सहयोग प्राप्त हो सकता है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिला जुला रहने वाला है। आज शुक्र का गोचर आपकी राशि से द्वादश भाव में हो रहा है जबकि राशि स्वामी बुध आज राशि से दूसरे भाव में हैं। ऐसे में आज कमाई के साथ खर्च भी बना रहेगा।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का लाभदायक रहेगा। आपकी राशि में आज चंद्रमा विराजमान हैं और साथ ही आज आपकी राशि से ग्यारहवें भाव में शुक्र का गोचर हो रहा है जो आपके लिए फायदेमंद होगा। आपको आज पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी से पूरा सहयोग और सपोर्ट मिलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज रविवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज बिजली के उपकरण के साथ छेड़छाड़ करने से बचना होगा। नौकरी और कामकाज में आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आप आज जोश में कुछ ऐसा काम कर सकते हैं जिससे नुकसान हो सकता है इसलिए आज अतिउत्साह से आपको बचना चाहिए।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज रविवार का दिन मानसिक तनाव बढाने वाला रहेगा। आज इस राशि के छात्रों को अपनी पढ़ाई पर फोकस करना होगा। जबकि आज आर्थिक मामलों मे भी आज का दिन आपके लिए मिश्रित रहेगा।

तुला राशि के लोगों के लिए आज रविवार का दिन शुक्र गोचर से लाभदायक रहेगा। लव लाइफ में आपको आज प्रेमी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपके आज आपसी सामंजस्य बना रहेगा। कारोबार और कमाई के मामले में दिन अच्छा रहेगा।

आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए चंद्रमा के गोचर से मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने लंबित काम को पूरा करना होगा। भाइयों से आपको आज सहयोग प्राप्त होगा।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अनुकूल रहेगा। आपको आज विदेश से लाभ मिल सकता है। जिन लोगों के काम का संबंध विदेश से संबंधित है उनको आज कुछ लाभ का अवसर मिल सकता है।

मकर राशि से आज चंद्रमा का गोचर अष्टम भाव में होने जा रहा है। ऐसे में आज आपको कुछ अप्रत्याशित खर्च का सामना करना होगा। आपको आज पिता के सहयोग और मार्गदर्शन से फायदा मिलेगा। आपको आज किसी सामाजिक काम में भी भाग लेने का मौका मिल सकता है।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल और सुखद रहने वाला है। आपको आज कमाई का मोका मिलेगा। साथ ही आज आपको आज कोई प्रसन्नतादायक खबर भी मिलेगी। आपका पारिवारिक जीवन आज आनंददायक रहेगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन मिश्रित रहने वाला है। आप आज किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे। किसी मित्र या अनुभवी व्यक्ति के सहयोग और सुझाव से आपको फायदा मिलेगा। आपको आज दोस्तों और पड़ोसियों से भी फायदा हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 'आगरा स्टोन इनले वर्क' को मिला जीआई टैग, निर्यातकों को मिले नए अवसर

- ईपीसीएच के मंच से 'स्टोन कार्विंग' के लिए भी टैग दिलाने की घोषणा, निर्यात विजन 2035 पर मंथन

एनएनआई








**आगरा।** आगरा की विश्वविख्यात कलाकृति 'स्टोन इनले वर्क' को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिलने के उपलक्ष्य में होटल क्लार्क्स शिराज में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की टैक्सटाइल कमेटी के निदेशक डॉ. तपन कुमार राउत ने की। उन्होंने घोषणा की कि अब 'स्टोन कार्विंग' को भी जीआई टैग दिलाने की दिशा में कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टैग की पार्ट-बी प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाएगी, जिससे स्थानीय कारीगर व निर्यातक 'जीआई टैग' का विधिवत प्रयोग कर सकें। इस पहल से उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मूल्य में वृद्धि संभव होगी। विशिष्ट अतिथि ईपीसीएच के चेयरमैन नीरज खन्ना ने कहा कि वर्ष 2035 तक भारत के हस्तशिल्प निर्यात को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आगरा के उद्यमी अवधेश अग्रवाल को इस अभियान का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। ईपीसीएच के प्रतिनिधि आर.के. वर्मा ने निर्यातकों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन अध्यक्ष रजत अस्थाना ने बताया कि आगरा के स्टोन और मार्बल उत्पाद अब ओडीओपी योजना में भी शामिल हैं, जिससे स्थानीय कारीगरों को बड़ा लाभ होगा। संस्था के सचिव डॉ. एस.के. त्यागी ने बताया कि 2009 में संस्था की स्थापना के बाद से ही क्षेत्रीय निर्यातकों को दिशा व संरक्षण मिल रहा है। कार्यक्रम में टूरिस्ट वैलफेयर चैंबर अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, एमएसएमई के सहायक निदेशक सुशील यादव, नेशनल चैंबर अध्यक्ष संजय गोयल, संस्कृति प्रेमियों व कई अन्य उद्यमियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिल्पगुरु इकबाल अहमद, रफीकउद्दीन सहित कई पुरस्कृत कारीगरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय डॉ. एस.के. त्यागी ने किया।

# बीआईएस प्रमाणीकरण की समस्या पर केंद्रीय मंत्री से मिला नेशनल चैंबर प्रतिनिधिमंडल

- ग्रे-आयरन कास्टिंग इकाइयों के लिए बीआईएस अनिवार्यता पर जताई आपत्ति, 50% टेस्टिंग फीस कटौती की घोषणा

एनएनआई




**आगरा/नई दिल्ली।** ग्रे-आयरन कास्टिंग का उत्पादन करने वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) प्रमाणीकरण की अनिवार्यता से हो रही समस्याओं को लेकर नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बीआईएस अनिवार्यता पर एक प्रतिवेदन सौंपते हुए सूक्ष्म व लघु उद्योगों की व्यावहारिक परेशानियों से मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया और परीक्षण शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। पूर्व अध्यक्ष अमर मित्तल ने बताया कि बीआईएस द्वारा आउटसोर्स परीक्षण की अनुमति दी गई है, लेकिन इसके लिए आवश्यक महंगे उपकरण, विशेषज्ञ पर्यवेक्षक, दस्तावेजीकरण और रिकार्ड संधारण की लागत लघु उद्यमों के सामर्थ्य से बाहर है। पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने ग्रे-आयरन कास्टिंग इकाइयों पर बीआईएस लाइसेंस की अनिवार्यता को अव्यावहारिक बताते हुए इस पर पुनर्विचार की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सुनील सिंघल, अंशुल अग्रवाल, विवेक मित्तल और एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर भी शामिल रहे।

# संस्थापक रामलाल खन्ना की जयंती व स्थापना दिवस पर रोमसंस ने किया 150 यूनिट रक्तदान

- लोकहितम ब्लड बैंक के सहयोग से हुआ आयोजन, कर्मचारियों में दिखा सेवा भाव

एनएनआई




**आगरा।** रोमसंस ग्रुप प्रा. लि., नुनिहाई, द्वारा संस्थापक स्व. रामलाल खन्ना की जयंती एवं कंपनी के स्थापना दिवस पर शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन लोकहितम ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ चेयरमैन विजय खन्ना, ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर ललित खन्ना, डायरेक्टर विकास खन्ना, नीरज खन्ना, रोहित खन्ना, लक्ष्य खन्ना, रीता खन्ना और श्रद्धा खन्ना ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 150 से अधिक यूनिट रक्तदान किया। ललित खन्ना ने रक्तदान को मानवता की सेवा बताते हुए कहा कि यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि रक्तदाता के लिए भी लाभकारी होता है।

इस दौरान एचआर मैनेजर यशपाल चाहर, कैप्टन विजय यादव और मैनेजर आदर्श चौहान भी मौजूद रहे।

# आंबेडकर यूनिवर्सिटी से संबद्ध 10 कॉलेजों की एनसीटीई मान्यता बहाल

- 70 कॉलेजों की मान्यता रद्द के फैसले में हुआ आंशिक बदलाव, छात्रों को मिली राहत

**आगरा (एनएनआई)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से संबद्ध बीएड कोर्स संचालित करने वाले 70 कॉलेजों की मान्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा रद्द किए जाने के बाद अब छात्रों के लिए राहत की खबर आई है। परिषद ने इनमें से 10 कॉलेजों की मान्यता बहाल कर दी है। मान्यता रद्द किए जाने का कारण था कि इन कॉलेजों ने परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) समय पर जमा नहीं की थी। इसके चलते छात्रों में भारी असमंजस और भय का माहौल बन गया था। एसडी भदावर कॉलेज के प्रबंधक हरेंद्र सिंह ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद कई कॉलेजों ने समय रहते पीएआर रिपोर्ट जमा कर दी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से उनके नाम भी रद्द सूची में आ गए थे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित कॉलेजों ने एनसीटीई से संपर्क कर रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके बाद परिषद ने समीक्षा कर 10 कॉलेजों की मान्यता बहाल कर दी। यह निर्णय एनसीटीई की बैठक के बाद लिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल सत्र 2025-26 के नए प्रवेशार्थियों से जुड़ा है, पूर्ववर्ती छात्रों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

